प्रेस नोट-थाना कल्यानपुर कमिश्नरेट कानपुर नगर

दिनांक-12.07.2024 को विगत दिनों में थाना क्षेत्र अन्तर्गत हुयी लूट, छिनैती की घटनाओं के दृष्टिगत श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नरेट कानपुर नगर द्वारा चलाये जा रहे **"प्रभात प्रहरी"** अभियान के अन्तर्गत थाना क्षेत्र में जगह-जगह संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहनों की चैकिंग की जा रही थी। चैकिंग के दौरान बारासिरोही नहर पुल पर बिना नं0 की मोटर साइकिल सवार दो व्यक्ति को सामने से आते देख उन्हें चैकिंग के लिए रुकने के लिए इशारा किया तो मोटर साइकिल पर पीछे बैठे व्यक्ति ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर किया, जिसमें पुलिस वाले बाल-बाल बचे। अपनी आत्मरक्षार्थ पुलिस पार्टी द्वारा फायर किया गया तो मोटर साइकिल पर पीछे बैठे व्यक्ति के पैर में गोली लगी एवं भागने में मोटर साइकिल सवार संतुलन खोकर गिर गये। तत्काल घेराबन्दी कर घायल व्यक्ति को मौके से हिरासत में लिया गया तथा एक व्यक्ति भागा जिसको घेरकर पकड़ लिया। नाम पता पूछा तो घायल व्यक्ति ने अपना नाम अंशू गुप्ता उर्फ छोटू गुप्ता पुत्र अनिल गुप्ता निवासी ओम नगर थाना चौबेपुर कानपुर नगर तथा मोटर साइकिल चलाने वाले व्यक्ति ने अपना नाम राहुल सोनकर उर्फ करिया पुत्र मोहन निवासी शत्रुघन इण्टर कालेज के पीछे पुराना शिवली रोड़ थाना कल्यानपुर कानपुर नगर बताया। अभियुक्त अंशू गुप्ता के कब्जे से एक अदद तमंचा .315 बोर, एक खोखा कारतूस व 01 जिन्दा कारतूस .315 बोर तथा अभियुक्त राहुल के कब्जे से एक अदद तमंचा .315 बोर, 02 जिन्दा कारतूश .315 बोर बरामद हुआ। घायल व्यक्ति को इलाज हेतु अस्पताल भेजा गया। अभियुक्तगण द्वारा पूर्व में लूट की घटनाओं के सम्बन्ध में बताया है। जिनके कब्जे से लूटे गये मोबाइल बरामद हुए हैं। अभियुक्तगण के आपराधिक इतिहास के बारे में विस्तृत जानकारी की जा रही है।

नाम पता अभियुक्तगण-

1. अंशू गुप्ता उर्फ छोटू गुप्ता पुत्र अनिल गुप्ता निवासी ओम नगर थाना चौबेपुर कानपुर नगर
2. राहुल उर्फ करिया पुत्र मोहन निवासी शत्रुघन इण्टर कालेज के पीछे पुराना शिवली रोड़ थाना कल्यानपुर कानपुर नगर

बरामदगी विवरण-

1. 02 अदद तमंचा 0.315 बोर मय 01 अदद खोखा कारतूस व 03 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर।
2. 03 अदद मोबाइल फोन (रेडमी, ओप्पो, वीवो)
3. नीले रंग की हीरो होण्डा मोटर साइकिल बिना नंबर की ।

आपराधिक इतिहास अभियुक्त अंशू गुप्ता उर्फ छोटू

1. मु0अ0सं0 1131/19 धारा 41 सीआरपीसी व 411/414 भादवि थाना कल्यानपुर
2. मु0अ0सं0 1239/20 धारा 392/411 भादवि थाना कल्यानपुर
3. मु0अ0सं0 1242/20 धारा 41 सीआरपीसी व 411/414 भादवि थाना कल्यानपुर
4. मु0अ0सं0 496/22 धारा 147/336/504/506 भादवि थाना कल्यानपुर
5. मु0अ0सं0 91/2024 धारा 392 भादवि थाना कल्यानपुर कमिश्नरेट कानपुर नगर
6. मु0अ0सं0 244/24 धारा 309(4) बी0एन0एस0 थाना पनकी कानपुर नगर
7. मु0अ0सं0 315/24 धारा 109 बी0एन0एस0 व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कल्यानपुर

आपराधिक इतिहास अभियुक्त राहुल सोनकर उर्फ करिया

1. मु0अ0सं0 91/2024 धारा 392 भादवि थाना कल्यानपुर कमिश्नरेट कानपुर नगर
2. मु0अ0सं0 244/24 धारा 309(4) बी0एन0एस0 थाना पनकी कानपुर नगर
3. मु0अ0सं0 315/24 धारा 109 बी0एन0एस0 व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कल्यानपुर

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. श्री सुधीर कुमार प्रभारी निरीक्षक कल्यानपुर कमिश्नरेट कानपुर नगर
2. उ0नि0 श्री सतेन्द्र रावत चौकी प्रभारी आईआईटी थाना कल्यानपुर कमिश्नरेट कानपुर नगर
3. उ0नि0 श्री शिवकुमार शर्मा पश्चिम जोन कमिश्नरेट कानपुर नगर
4. हे0का0 1511 विष्णुपाल सिंह थाना कल्यानपुर कमिश्नरेट कानपुर नगर
5. हे0का0 981 अखिलेश प्रताप सिंह थाना कल्यानपुर कमिश्नरेट कानपुर नगर